एक नजर में

एडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

आष्टा. एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं. एडीएम वृंदावन सिंह ने ग्राम डोडी, अरनिया, गाजी, हाजीपुर, कुरावर एवं खड़ीहाट के मतदान केंद्र पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स, बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि नागरिकों से किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मांगा जा रहा है, केवल गणना पत्रक में मांगी गई जानकारी को भरकर बीएलओ को देना है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस कार्य में सहयोग करें ताकिमतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध और त्रुटिरहित बन सके. इस दौरान एसडीएम एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नितिन टाले, तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, निर्वाचन सुपरवाइजर पीएन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए लखेरा

भैरुंदा. सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसानिया द्वारा हाई स्कूल में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे. खेल महोत्सव में उपस्थित मुख्य अतिथि राजेश लखेरा, लोकेश शर्मा, विशाल साहू, शैतान सिंह सरपंच अरविन्द पंवार द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की व रस्साकसी में हिस्सा भी लिया. राजेश लखेरा ने कहा कि शिक्षा के साथ-माथ जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है. खेल से तन, मन ओर जीवन स्वस्थ बनता है. हमारे पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान सांसद शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय कृषि मंत्री के मार्गदर्शन यह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे हैं. जो भी इन प्रतियोगिता में अच्छा करेगा वो ब्लाक, जिला, विदिशा ओर राष्ट्रीय स्तर तक अपना परचम लहरा सकता है.

बेटी और पत्नि की स्मृति में कराया श्री श्याम मंदिर निर्माण

शाहगंज. नगर के श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुरानी बस्ती में चल रहे तीन दिवसीय श्री श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत श्याम बाबा की प्रतिष्ठा पूजन हवन पूर्णाहुति कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई. समाजसेवी लखनलाल गौर की पुत्री श्रीमती प्रतिमा गौर पत्नी मुरलीधर गौर का गत दिवस निधन हो गया था जिनकी स्मृति में श्री श्याम मंदिर का निर्माण कर बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन किया गया. बाबा खाटू श्याम की विशाल यात्रा जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई उन्हें जगदीश मंदिर पहुंची. जहां पर बाबा की आरती का आयोजन किया गया. बाबा श्याम की यात्रा में महिला पुरुष एवं नन्हीं नन्ही बच्चियां नाचती गाती एवं बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रही थीं. खाटू नरेश की प्राण प्रतिष्ठा के चलते दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की.

आज से कन्नौद रोड पर दुकानों के सामने बनेगी सीमा रेखा

आष्टा. नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई. बैठक में एसडीएम, एसडीओपी सहित नगर के विभिन्न व्यापारी संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. बैठक में कन्नौद रोड़ पर लगने वाले जाम की समस्या एवं मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टरों के आवागमन को सुचारू बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई. अधिकारियों ने जानकारी दी कि कल से नपा द्वारा सड़क की सीमा रेखा बनाई जाएगी. जिससे सभी व्यापारी अपनी निर्धारित सीमा में व्यापार कर सकें. बैठक में निर्णय लिया गया कि कल से नपा, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने एवं चालानी कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी. प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटाएं, ताकि यातायात सुचारू संचालित हो सके. इधर अनाज मंडी में आज पुनः भारी आवक के चलते मंडी प्रांगण एवं आसपास के मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही. कन्नौद रोड़, जगमालपुरा रोड़ तथा शांतिनगर क्षेत्र पूरी तरह से किसानों के वाहनों से भर गए. नागरिकों ने सुझाव दिया है कि प्रशासन चाहे तो नए दशहरा मैदान, सरस्वती शिशु मंदिर परिसर या श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान को वैकल्पिक स्थल के रूप में उपयोग कर सकता है, जिससे मंडी क्षेत्र की व्यवस्था सुधर सकती है.

विधिक साक्षरता शिविर में दी कानूनी जानकारी

आष्टा. विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत द्वितीय जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में महेश कुमार चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करने, साइबर सुरक्षा, यातायात संबंधित नियम, सड़क सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के अधिकार, पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध कानूनों की जानकारी दी गई. संचालन डॉ दीपेश पाठक द्वारा किया गया. शिविर में प्राचार्य धर्मेन्द्र सूर्यवंशी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

पानी चोरी पर नकेल कसने में नाकाम नपा

संरक्षित जलस्त्रोतों से मोटर लगाकर किसान कर रहे पानी चोरी, आगामी दिनों में गहराएगा जलसंकट

- लगातार पानी चोरी होने से खाली दिखने लगे जलाशय
- नपा के गठित अमले भी पानी चोरी रोकने में नाकाम

नवभारत न्यूज

सीहोर 11 नवंबर. अल्पवर्षा के चलते जिले के अधिकांश जलस्त्रोत खाली पड़े हैं. आगामी दिनों में भीषण जलसंकट गहराने के आसार बनते नजर आ रहे हैं. नपा ने शहर में नल- जल योजना से दो दिन छोड़कर जलप्रदाय करना शुरू कर दिया है, लेकिन संरक्षित पानी को सहेजने में अब भी लापरवाही बरती जा रही है जिससे नदी- तालाबों का जलस्तर तेजी से घटता जा रहा है. जो आगामी दिनों में जलसंकट को जन्म देगा.

इस साल मानसून अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा. औसत से कम बारिश होने के कारण शहर की प्यास बुझाने वाले भगवानपुरा व जमोनिया तालाब खाली रह गए हैं तो पार्वती नदी का काहिरी बंधान भी दिनों दिन खाली होता जा रहा है. ऐसे में आगामी दिनों में गहराने वाले जलसंकट को देखते हुए नपा ने इन जलस्त्रोतों में मौजूद पानी को पेयजल के लिए सुरक्षित कर दिया है तथा इस पानी से सिंचाई व अन्य कार्यों में उपयोग किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसका कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है, क्योंकि रबी सीजन की बोवनी के बाद अब सिंचाई करने के लिए जलाशयों के पानी का खुलकर उपयोग किया जा रहा है. नतीजतन दिनों-दिन जलस्तर कम होता जा रहा है. हालांकि नपा का दावा है कि पानी चोरी रोकने के लिए तीन दलों का गठन किया गया है जो नियमित रूप से जलस्त्रोतों का निरीक्षण करते हुए अवैध रूप से पानी चोरी करने वाली मोटरों को पकड़ा जा रहा है. इसके बाद भी पानी चोरी करने वालों के हौसलों में कमी नहीं आई है. वह न केवल भगवानपुरा और जमोनिया के अलावा काहिरी बंधान से पानी चोरी कर सिंचाई कर रहे हैं, बल्कि शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी के पानी को भी उलीचने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. यही कारण है कि नवंबर माह में ही जलस्तर काफी कम हो गया है. आगामी दिनों में सीवन पूरी तरह खाली हो जाएगी तो आसपास के जलस्त्रोत कुओं और हैंडपंप पानी देने में असहाय हो जाएंगे जिससे जलसंकट तेजी से गहराने की आशंका बलवती हो गई है. इसके अलावा टाउनहाल के समीप वाले स्टॉप डेम से भी रोज पानी चोरी हो रहा है. आलम यह है कि एक सप्ताह में यह पूरी तरह खाली हो जाएगा जिसे असर इंग्लिशपुरा, फोकटपुरा, जयंती कालोनी,अंजनी धाम, सीवन लाईफ आदि क्षेत्रों के जलस्त्रोतों पर पड़ेगा. यहां के बोर समय से पूर्व जबाव दे जाएंगे.

सीहोर. शहर के टाउनहाल के समीप बने स्टाप डेम से भी पानी की चोरी होने के कारण डेम तेजी से खाली होता जा रहा है.

शहर में दो दिन छोड़कर हो रहा जलप्रदाय

नगरपालिका द्वारा अक्टूबर माह तक एक दिन के अंतराल से जलप्रदाय किया जा रहा था, लेकिन पानी चोरी रोकने में अपनी नाकामी को छुपाने के लिए एक नवंबर से दो दिन छोड़कर पानी वितरण किया जाने लगा है. तीसरे दिन नलों से पानी आने के कारण लोगों को ठंड के दिनों में ही पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है. ऐसे में लोगों को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है. वर्तमान में जमोनिया तालाब में 23.5 फीट, भगवानपुरा तालाब में 20.4 फीट और काहिरी बंधान में 465.86 मीटर पानी बचा है. अगर नपा द्वारा पानी चोरी रोकने में सख्ती नहीं बरती गई तो फरवरी में ही जलसंकट के आसार बन जाएंगे.

नपा कर रही मोटरों की धरपकड़

पानी चोरी रोकने के लिए गठित किए गए अमले द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है. इस दौरान पानी चोरी करने वाली मोटरों को भी जब्त किया जा रहा है. हाल ही में हमारे द्वारा भगवानपुरा तालाब से तीन मोटरों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है.

सुधीर कुमार,
मुख्य नपा अधिकारी सीहोर

वेयर हाउस से गेहूं चोरी के आरोपी गिरफ्तार

रेहटी. पुलिस ने वेयर हाउस में चोरी करने वाले आरोपियों को गिर तार चोरी किए गए 12 बोरी गेंहू एवं घटना में प्रयुक्त 02 बाइक जप्त करने की कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार फरियादी राजेश पाटीदार आ. विष्णु पाटीदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ललता वेयर हाउस की पीछे वाली शटर के पास गेहूं बिखरे पड़े हैं और ताले टूटे हुए हैं. वेयर हाउस से 18 बोरियां चोरी हो गई थी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर की सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चकल्दी से सतराना रोड़ पर पंचायत भवन के पास दो बाइक पर बोरी रखे हुए व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे. जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम लक्ष्मण पिता जगदीश बारेला निवासी वनियागांव थाना रेहटी एवं भाईदास बारेला पिता श्रीराम बारेला होना बताया. उन्होंने वेयर हाउस से गेहूं चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस द्वारा चोरों से चोरी गई 12 बोरी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन 02 बाइक जप्त की. पुलिस ने बताया कि नान सिंह आ. दूरसिंह बारेला, रूप सिंह बारेला आ. धूल सिंह बारेला, लच्छीराम बारेला, रंजीत बारेला, सुनील बारेला निवासी ग्राम बनियागांव घटना में फरार हैं जिन्हें जल्दी की गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

रात में चुराया सोयाबीन सुबह लौटाया

नवभारत न्यूज

आष्टा 11 नवंबर. बीती रात अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें चोर को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा फिर छोड़ दिया.उसके बाद सुबह फिर पकड़ा.बाद में राजीनामा हो गया.

जानकारी के अनुसार अनाज मंडी में बीती रात लगभग 1 बजे शराब के नशे में एक युवक अनाज मंडी में एक सोयाबीन की बोरी ले जा रहा था. जिसे ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सुपरवाइजर देवी सिंह मेवाड़ा ने रोक कर पूछताछ की तो युवक ने बताया मेरे खुद का माल है. खर्चे पानी के पैसे नहीं है तो बाहर बेचने ले जा रहा हूं. इस बात पर शक होने पर देवी सिंह ने माल जप्त कर अपने कब्जे में रख लिया.

मंगलवार सुबह युवक फिर उनके पास पहुंचा तो युवक ने बताया मेरी बोरी है तो सुरक्षाकर्मियों ने बोरी वापस दे दी. फिर मामले में तब नया मोड़ आया जब एक किसान सुरक्षाकर्मियों के पास पहुंचा और बताया कि मेरी सोयाबीन से भरी एक बोरी चोरी हुई है और आसपास के लोगों ने बताया कि रात्रि में मंडी प्रशासन ने एक बोरी जप्त की है. तो उसकी सूचना पर कार्यालय आया हूं. किसानों की सूचना पर उक्त युवक को फिर से पकड़ कर मंडी कार्यालय लेकर आए और वहां पुलिस को बुलाया. बाद में दोनों की आपसी रजामंदी के बाद एक बोरी सोयाबीन उसके असली मालिक को दिलवा दी और इस तरह दोनों का राजीनामा कर मामले को वहीं खत्म किया.

सीटू नाले का कायाकल्प प्रारंभ, बनेगी रिटर्निंग वॉल

- डेढ़ किलोमीटर के दायरे में बनेंगे दीवार और स्टाप डेम
- नपा द्वारा कराए जा रहे कार्य की लागत होगी चार करोड़

नवभारत न्यूज

सीहोर 11 नवंबर. शहर के सीटू नाले का कायाकल्प आरंभ हो गया है. करीब चार करोड़ रुपए की लागत से इंग्लिशपुरा से दूल्हा बादशाह तक डेढ़ किमी दायरे में नाले का कायाकल्प किया जा रहा है. इसमें रिटर्ननिंग वॉल बनाने के साथ ही बीच में स्टॉप डैम के अलावा अन्य काम होगा.

मंगलवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के मार्गदर्शन में नपा के अमले ने गहरीकरण सहित अन्य कार्य शुरू कर दिया है. करोड़ों रुपए की इस योजना से सीटू नाले का सौंदर्यकरण का कार्य पूरा किया जाएगा. जिससे आगामी दिनों में इसकी सूरत बदल जाएगी. रिटर्ननिंग वाल के अलावा फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा. नाले के साइड नाली भी बनाई जाएगी, जिससे कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाले में नहीं मिले. इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और यदि सब कुछ ठीक रहा तो सीद नाले की सूरत बदल जाएगी. इंग्लिशपुरा से दूल्हा बादशाह तक कायाकल्प कर सौदर्यकरण किया जाएगा.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की इस मुहिम का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया है. शहर के बीच से सीवन नदी और सीटू नाला गुजरता है. इन दोनों में ही सिर्फ बारिश के समय पानी बहता है. बाकी समय नदी-नाले में पानी ठहरा रहता है, लेकिन बारिश के समय ही ये दोनों इतनी तबाही मचाते हैं कि लोगों को करोड़ों का नुकसान हो जाता है. यूं कहें कि सीवन नदी से बहुत कम बल्कि सीटू नाले से ही ज्यादा नुकसान होता है. इसको ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इसका काम शुरू करा दिया है. इसका समतलीकरण, गहरीकरण और सफाई का काम चल रहा है.

श्याम बाबा के दरबार में हुआ संकीर्तन

शाहगंज. नगर के श्री जगदीश स्वामी मंदिर में नगर के समाजसेवी लखनलाल गौर की पुत्री श्रीमती प्रतिमा गौर पत्नी मुरलीधर गौर की स्मृति में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होने के पश्चात रात्रि में श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका नगर की बेटियां गुनगुन एवं गुंजन तिवारी सिस्टर द्वारा जगदीश मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम मध्यरात्रि तक जारी रहा. श्याम बाबा के भजनों को सुनने अनेक श्रद्धालु पहुंचे थे.

अमानक खाद्य सामग्री के मामलों में तुरंत करें कार्रवाई

- विभागों की समीक्षा बैठक में दिए कलेक्टर ने निर्देश
- खाद का रखें पर्याप्त स्टाक ताकि किसान न हों परेशान

नवभारत न्यूज

सीहोर 11 नवंबर. कलेक्टर बालागुरू के ने बैठक में कृषि, सहकारिता, खाद्य नागरिक आपूर्ति, मार्कफेड और खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षाकर प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली.

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचना चाहिए. इसके लिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं. उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

कलेक्टर बालागुरू के ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए और वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए. मार्कफेड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वितरण केन्द्रों पर स्टॉक की निगरानी करें और समय-समय पर निरीक्षण करते रहें.

खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जाए. टीमों द्वारा होटलों, मिठाई दुकानों, डेयरी उत्पाद विक्रेताओं और थोक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाए. अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने पर कार्रवाई की जाए और नागरिकों को भी जागरूक किया जाए. स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा दोनों ही जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे हैं, इसलिए अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें.

भैरव जयंती पर मंदिर में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

बुधनी. नगर के प्राचीन भैरव मंदिर में बुधवार को भैरव जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम का आयोजन बहावलपुरी समाज द्वारा किया जा रहा है. समिति के अनुसार सुबह 8 बजे अभिषेक पूजन, 9 बजे हवन एवं पूर्णाहुति, तथा दोपहर 12 बजे से भंडारे की व्यवस्था रहेगी. बहावलपुरी समाज ने बताया कि बहावलपुरी समाज पिछले कई वर्षों से इस आयोजन को भव्य रूप में संपन्न कराता आ रहा है. समाज अध्यक्ष धर्मपाल मदान एवं समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नगर के सामाजिक प्रतिष्ठान दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगे.

कार्ययोजना आष्टा नगरपालिका ने शहर के विकास व सौंदर्यीकरण की योजना बनाई

मंदिर के समीप घाट व अटल सेतू के पास बनेगा पार्क

नवभारत न्यूज

आष्टा 11 नवंबर. नगरपालिका द्वारा जहां नगर में निर्माण कार्य लगातार जारी है. वहीं धार्मिक स्थलों को सहेजने और संवारने का कार्य भी किया जा रहा है. इसी कड़ी में नपा द्वारा परिषद के सहयोग से पार्वती नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य के तहत नदी के दोनों किनारो पर घाटों का निर्माण करवाया. अब परिषद नदी के दूसरे छोर पर नदी को साफ, स्वच्छ एवं प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे इसके लिए संगम मंदिर के समीप तथा मुक्तिधाम के पास व्यवस्थित घाटों का निर्माण कार्य करवाने का निर्णय लिया गया है. जिसकी कार्ययोजना तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को स्वीकृति हेतु शीघ्र ही प्रेषित की जाना है.

इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संगम मंदिर, मुक्तिधाम के समीप एवं अटल सेतु स्थित बनने वाले घाटों के निर्माण कार्य के चिन्हित स्थलों का निरीक्षण करते हुए दी. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने बताया कि संगम मंदिर नगर के अतिप्राचीन मंदिरों में से एक है, यहां प्रतिदिन श्रद्धालुजन बड़ी सं या में दर्शनार्थ आते हैं. मंदिर की दिव्यता और सौंदर्यता को बढ़ाने के उद्देश्य से घाट का निर्माण करवाने का निर्णय परिषद द्वारा सर्वानुमति से लिया गया. जिस पर नगरपालिका द्वारा आगामी कार्यवाही की जा रही है. संगम स्थित घाट का निर्माण होने से तीज-त्यौहारों पर स्नान आदि करने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा भी होगी.

श्री मेवाड़ा ने बताया कि मुक्तिधाम के समीप नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से घाट के निर्माण के साथ पाथवे का भी निर्माण कार्य होगा.आसानी से नागरिक अस्थि विसर्जन घाट से नदी में कर सकेंगे.

उन्होंने बताया कि घाटों के साथ अटल सेतु पुल के समीप नदी के दोनों किनारों पर पिचिंग कार्य होगा. वहीं व्यायायाम, योगा हेतु गार्डन विकसित किया जाएगा. वहीं नागरिकों के मनोरंजन हेतु चौपाटी भी विकसित की जाएगी. इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, विजयराज एसोसिएट कंसल्टेंटके जितेन्द्र वर्मा, राजपालसिंह, शैलेन्द्रसिंह भदौरिया आदि मौजूद थे.

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता फूलसिंह आ0 श्री बालचन्द निवासी बागमुंगालिया भोपाल (म.प्र.) ने विक्रेतागण नाज मोहमद, ताज एहमद, बुल्लोबी पुत्र-पुत्रियां श्री छुट्टुखां, परवेज, जावेद, अफसाना, सुरैया पुत्र-पुत्रियां राज एहमद सभी कृषक ग्राम तोरनिया जिला सीहोर म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि भूखण्ड जिसका खसरा क्रमांक 98/2 रकबा 0.6070 हे0, स्थित ग्राम तोरनिया, तहसील दौराहा, जिला सीहोर को क्रय करने हेतु टोकन बयाना राशि अनुबंध पत्र निष्पादित कर अदा कर दी है। उक्त वर्णित भूमि के सम्बंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय अथवा गैर सरकारी संस्थाओं को कोई आपत्ति हो या कहीं कोई दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का पंजीयन अपने पक्ष मे अथवा उनके कहे अनुसार व्यक्तियों के पक्ष मे करा लेंगे, उस स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
सतपाल सोलंकी

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा आष्टा द्वारा अमीन खान पिता हब्बू खान निवासी छत्रपति मार्ग, कन्नोद तहसील कन्नोद जिला देवास (मप्र),को नरसिंह दास पिता बालकृष्ण धुत निवासी सरदार पटेल मार्ग, कन्नोद तहसील कन्नोद जिला देवास (मप्र), के स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति नगर कन्नोद तहसील कन्नोद जिला देवास (मप्र) के वार्ड नं.14, सरदार पटेल मार्ग, में स्थित मकान जिसका नं.103 है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1207 वर्ग फीट है। जिसकी चतुर्सीमाः पूर्व को रामप्रसाद वर्मा आ. बद्रीप्रसाद वर्मा, पश्चिम को अरमान खान का मकान, प्रकाशचंद्र से खरीदा हुआ, उत्तर को शासकीय रास्ता व गणेश चौक, दक्षिण को प्रताप माली का तीन शेड गोडाउन, है को क्रय करने हेतु ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। यह कि उक्त संपत्ति नरसिंह दास पिता बालकृष्ण धुत को उनकी माता श्रीमति जमना बाई पति स्व. श्री बालकृष्ण धुत से बटवारे में प्राप्त होकर के श्रीमति जमना बाई की मृत्यु के पश्चात् अपने नाम नगर परिषद, कन्नोद जिला देवास (म.प्र.) में जरये नामांतरण पत्र क्र. 465 दिनांक 03/03/2025, के माध्यम से दर्ज करवा ली है। यह की उक्त संपत्ति पर कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड शाखा आष्टा से ऋण लिया जा रहा है यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, आदि का ऋण, भार, बोझ, हित, अधिकार व अन्य किसी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 दिनों में मय लेखी प्रमाण अपनी आपत्ति दर्ज करावे। अवधि पश्चात कोई उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरे पक्षकार के हित में बंधनकारक नहीं होगी।

इति दिनांक 01/11/2025

भवदीय
राहुल गेहलोत अभिभाषक
सेमनरी रोड आष्टा म.प्र.
मोबाइल नं. 9907642719